हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 10 अक्टूबर 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 चार अलग-अलग प्रकरणों में 100 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त, दो ...



08 मजबूत व स्वतंत्र विपक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण, लोकतंत्र में ...



मुख्यमंत्री ने आगर के बलराम कृषि महोत्सव में किसानों से किया सीधा संवाद

प्रदेश में 90 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव लेकर आया हूं: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा







मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरदा जिले से वीडियों कन्फ्रेसिंग से आगर के नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण में शुक्रवार को आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में सहभागिता करते हुए किसानों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कृषक कल्याण वर्ष के तहत आयोजित कार्यक्रमों में किसानों से कृषि गतिविधियों, शासन की किसान हितैषी योजनाओं से मिल रहे लाभ, कृषि के क्षेत्र में नवाचार तथा किसानों की आवश्यकताओं के संबंध में संवाद किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं गुरूवार को ही प्रदेश के लिये निवेशकों से 90 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव लेकर आया हूँ। आगर में 3800 करोड़ की मैक्केन फूड परियोजना शुरू हो रही है, इसमें 2 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। पशुपालन किसानों की आय बढ़ाने का महत्वपूर्ण साधन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगर-मालवा जिले के नलखेड़ा तहसील अंतर्गत लालूखेड़ी में आलू प्रसंस्करण का 200 करोड़ का उद्योग स्थापित हो रहा है, लालूखेड़ी के साथ ही अब आगर-मालवा जिले के किसान आलू उगाऐंगे। इस अवसर पर अपेक्स बैंक के प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव, प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, सांसद रोड़मल नागर, प्रदेश प्रभारी कपिल यारदे, विधायक माधव सिंह मधु गेहलोत, जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नाबाई-भेरूसिंह चौहान, जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, वरिष्ठ किसान नेता दिनेश परमार, रामनारायण तेजरा, डूंगरसिंह सिसौदिया, हरिनारायण यादव, बाबूलाल यादव, कप्तान सिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

आगर जिले के संतरे ने नागपुर को भी पीछे छोड़ा

मुख्यमंत्री ने बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली सम्बोधित करते हुए कहा कि आगर एवं सुसनेर क्षेत्र का संतरा देश भर में भेजा जा रहा है। आगर जिले के संतरे ने नागपुर को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि जिले के पशुपालक गौपालन के लिये भी विशेष रूप से जाने जाते है। जैविक दूध प्रदेश में कही मिलता है तो आगर में ही मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का दूध उत्पादन भी बढ़ेगा, सांची का दुग्ध ब्राण्ड भी बढ़ रहा है। सांची के दुग्ध ब्राण्ड को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाया जा रहा है।

जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक मधु गेहलोत ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि आगर जिला कृषि एवं किसानों का जिला है, इस साल वर्षा कम हुई है, उन्होंने मुख्यमंत्री से जिले को सुखाग्रस्त घोषित करने और किसानों को किसान सम्मान निधि दिलाने का आग्रह भी किया। विधायक ने कहा कि सरकार ने आहू डेम देकर 25 गांवों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करवाई है। हड़ाई, सियाखेड़ी एवं भीमपुरा, जलाशय, के लिये भी मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम मे मंचासीन अतिथियों ने उत्कृष्ट एवं प्रगतिशल किसानों, किसान परिवार के मेधावी छात्र-छात्राओं और भूतपूर्व सैनिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को कपिल यारदे, कप्तान सिंह यादव ने भी सम्बोधित किया। जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। प्रारंभ में एसडीएम कमल मंडलोई, उप संचालक कृषि गोपेश पाठक, उप संचालक आत्मा पीयूष सोलंकी ने मंचासीन सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। मंचासीन अतिथियों एवं कलेक्टर-एसपी ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य विभाग एवं आधुनिक कृषि यंत्रों सहित अन्य विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर बलराम कृषि महोत्सव का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कलाकारों के दल ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अंत में उप संचालक कृषि श्री पाठक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

गौ-सेवा के लिये भी विशेष पहचान रखता है, आगर जिला

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगर जिला सौर उर्जा एवं विण्ड एनर्जी के लिये भी अपनी अलग पहचान रखता है। प्रदेश में पर्याप्त बिजली, सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध है और पांच लाख किलोमीटर की सड़को का जाल भी है। उन्होंने ने कहा कि 2027 तक गेहूं 2700 से के भाव में खरीदेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगर जिला गौ-सेवा के लिये भी विशेष पहचान रखता है। गौ-अभयराण्य सालरिया एवं जिले की अन्य गौशालाओं में 20 हजार से अधिक गौवंश की समुचित देखभाल की जा रही है। सरकार प्रति गौवंश 40 रूपए प्रतिदिन के मान से गौवंश की देखभाल के लिये गौशालाओं को राशि प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गौपालन पुरस्कार योजना की चर्चा करते हुए कहा कि गौपालन को बढ़ावा देने के लिये गौपालन पुरस्कार योजना के तहत अच्छे पशुपालकों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रत्येक विकास खण्ड से प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले पशुपालक को एक लाख रूपए, द्वितीय पुरस्कार के लिये 50 हजार एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रूपए की राशि पशुपालक को प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बिनायगा बड़ौद के प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने वाले किसान राधेश्याम परिहार, आखाखेड़ी तनोडिया के प्राकृतिक अरहर खेती करने वाले किसान रोहित शर्मा एवं अन्य उपस्थित प्रगतिशील कृषकों से वर्चुअली संवाद कर उनके द्वारा की जा रही प्राकृतिक, जैविक एवं उन्नत कृषि के बारे में जानकारी ली तथा इससे होने वाले लाभ के बारे में भी चर्चा कर सराहना की।

किसान पुत्र कृषि की ओर हो रहे आकर्षितः सांसद नागर

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद रोड़मल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खेती को उद्यम बनाकर किसानों के लिये लाभ का धन्धा बना दिया है। आज उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी किसान पुत्र कृषि की ओर आकर्षित हो रहे है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने कहा कि सोयाबीन की मंडी में बंपर आवक के साथ ही सोयाबीन का अच्छा भाव भी किसानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव रोजाना किसानों से संवाद कर रहे है। अब तक 44 जिलों में बलराम कृषि महोत्सव आयोजित किये जा चुकें है। अपेक्स बैंक के प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव ने अपने उद्बोधन की शुरूआत ' जय जवान- जय किसान', जय विज्ञान एवं जय अनुसंधान' के नारे से करते हुए कहा कि प्रदेश में बलराम कृषि महोत्सव के माध्यम से किसानों, किसान पुत्र-पुत्रियों और बेटियों का सम्मान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में नई सुगम परिवहन योजना प्रारंभ कर ग्रामीणों और किसानों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई है। ई-टोकन के माध्यम से प्रदेश भर में किसानों को पर्याप्त उर्वरक मिल रहा है। किसान कल्याण वर्ष में किसानों के लिये अनेकों किसान हितैषी निर्णय लिये गए है, योजनाएं प्रारंभ की गई है।

सत्यार्थ प्रकाश ग्रंथ भेंट कर किया सम्मानित

अपेक्स बैंक प्रशासक महेंद्र सिंह यादव का कानड़ में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़



बलराम कृषि महोत्सव में शामिल होने आगर मालवा जा रहे मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक), भोपाल के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव का शुक्रवार को कानड़ में स्वागत किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया, वहीं आर्य समाज के प्रचारक काशीराम आर्य ने उन्हें सत्यार्थ प्रकाश ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद यादव ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था का निरीक्षण कर संस्था की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं सहकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

सत्यार्थ प्रकाश ग्रंथ भेंट कर किया सम्मानित

कानड़ आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व विधायक लालजीराम मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रशासक महेंद्र सिंह यादव का स्वागत किया। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रचारक काशीराम आर्य ने उन्हें सत्यार्थ प्रकाश ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत कार्यक्रम में विजयलक्ष्मी माली, जवान सिंह आर्य, मोहन कटारिया, दारा सिंह आर्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सहकारी संस्था की कार्यप्रणाली का लिया जायजा

स्वागत कार्यक्रम के पश्चात प्रशासक यादव प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था कानड़ पहुंचे। यहां उन्होंने संस्था की कार्यप्रणाली एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सहकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी ली। संस्था प्रबंधन से जुड़े नंदकिशोर वर्मा ने उन्हें संस्था की गतिविधियों एवं संचालित सहकारी योजनाओं की जानकारी दी।निरीक्षण के दौरान जिला सहकारी बैंक की मुख्य कार्यपालन अधिकारी कोमल ढाहके तथा शाखा प्रबंधक दीपक भटनागर भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जन सेवा शिविर का हुआ आयोजन



नलखेड़ा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान -2026 के अंतर्गत नगर परिषद नलखेड़ा द्वारा एक दिवसीय वृहद जन सेवा शिविर का आयोजन शुक्रवार को नगर में किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा भी स्टाल लगाकर नागरिकों की समस्याओं को सुना जाकर उनका निराकरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित मात्र 31 शिकायती आवेदन प्राप्त हुए थे। विभिन्न योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण भी किया गया। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से नगर परिषद नलखेड़ा के द्वारा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान -2026 के अंतर्गत एक दिवसीय जन सेवा शिविर का आयोजन शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक नवीन नगर परिषद कार्यालय के समीप स्थित पुराना सांदीपनी विद्यालय नलखेड़ा में आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागीय स्टाल के माध्यम से एक ही स्थान पर आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, मार्गदर्शन एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई।

नवरात्रि तैयारियों का किया अवलोकन

कलेक्टर ने मां बगलामुखी आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का लिया जायजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने गुरूवार को नलखेड़ा पहुंचकर बगलामुखी माता मंदिर दर्शन के लिये बड़ी संख्या में आने वाले श्रृद्धालुओं के लिये प्रबंध समिति द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने श्रृद्धालुओं के सुगम देवी दर्शन, एवं दर्शन पश्चात निकासी की व्यवस्था, बेरीकेडिंग्स, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल एवं छाया की व्यवस्था का जायजा लिया और समिति प्रबंधक को निर्देश दिए कि नलखेड़ा आने वाले श्रृद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिये पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने मंदिर परिसर में स्थापित की जा रही नवीन पुलिस चौकी के कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने श्रृद्धालुओं के वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग के लिये पार्किंग एरिया का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने नवनिर्मित भक्त निवास एवं भक्त विश्राम गृह के समीप खुली जमीन को सुव्यवस्थित कर वहां अतिरिक्त वाहन पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने नलखेड़ा देवी मंदिर आने वाले श्रृद्धालुओं की संख्या में ध्यान में रखते हुए यातायात प्रबंधन की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, एवं मंदिर प्रबंधन स्टॉफ व अन्य अधिकारी तथा श्रृद्धालु भी उपस्थित थे।

पार्किंग में पहुंचने के बायपास मार्ग के सीसी रोड के सरिए निकल रहे बाहर, हो रहे गड्ढे

नलखेड़ा। कल से शारदीय नवरात्रि प्रारम्भ हो रही है, इस दौरान विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर आने वाले दर्शनार्थियों के चौपहिया वाहनों को लखुंदर नदी के समीप से बायपास मार्ग से पार्किंग स्थल ले जाया जाएगा। यह मार्ग अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। इस मार्ग पर बनी सीसी रोड में से कई स्थानों पर सरिए बाहर निकल चुके है तो कई स्थानों पर गड्ढे हो रहे है। ऐसे में प्रतिदिन पहुंचने वाले हजारों वाहनों में से कोई दुर्घटनाग्रस्त नही हो जाये ऐसी आशंका बनी रहेगी। नवरात्रि पर्व को लेकर प्रशासन द्वारा माँ बगलामुखी के समीप, नाले के समीप एवं तीर्थ यात्री सेवा सदन के पीछे चौपहिया वाहनों के लिए पार्किंग बनाये गए है। नगर के अंदरूनी मार्गों पर जाम की स्थिति निर्मित नही हो इसके लिए उक्त पार्किंग स्थलों पर वाहनों को ले जाने के लिए लखुंदर नदी की पुलिया के समीप बने बायपास रोड़ का उपयोग अधिक से अधिक करने की योजना बनाई गई है। लेकिन जिम्मेदारों द्वारा उक्त मार्ग के हालात पर ध्यान नही दिया है। उक्त बायपास रोड़ अपनी दुर्दशा पर स्वयं ही आंसू बहा रहा है। इस सीसी रोड़ में कई स्थान पर सरिए बाहर निकल रहे है तो कई स्थानों पर गड्ढे हो रहे है ऐसे में प्रतिदिन हजारों वाहन कैसे निकलेंगे यह बड़ा सवाल है। ऐसे रोड़ पर हरदम किसी दुर्घटना की आंशका भी बनी रहेगी। नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियों में प्रशासन की यह अनदेखी कही किसी दर्शनार्थी को महंगी ना पड़ जाए। प्रशासन के सामने अब मात्र एक दिन का समय शेष रहा है ऐसे में उक्त मार्ग में जितना सुधार कर सके करवाया जाना चाहिए।



सात सूत्रीय मांग पत्र कलेक्टर को सौंपा

आगर जिले में पत्रकारों व कलेक्टर के बीच चल रहा गतिरोध हुआ समाप्त

पत्रकार भवन, त्रैमासिक बैठक आदि मांगों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



पत्रकारों व आगर कलेक्टर डा. शेर सिंह मीना के बीच चल गतिरोध बुधवार शाम कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर डा. मीना व एसपी दिलीप कुमार सोनी के साथ हुई मीटिंग के बाद समाप्त हो गया। मीटिंग के दौरान पत्रकारों ने 7 सूत्रीय मांग पत्र कलेक्टर को सौपा जिनमें से पत्रकार भवन, जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक, पत्रकारों को शासकीय कार्यक्रमों में आमंत्रित करने, पत्रकारों को कवरेज से न रोकने, समय पर पत्रकारों को यथोचित जानकारी तथ्यात्मक रूप से उपलब्ध कराने जैसी मांग प्रमुखता से मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष अजय झंजी ने रखी जिनमें से पत्रकार भवन कवरेज आदि विषयों पर सहमति बन गई। कलेक्टर मीना ने पत्रकारों की अन्य मांगें भी जल्द स्वीकार करने का भरोसा दिलाया। ज्ञात हो कि आगर कलेक्टर डा. मीना के पत्रकारों के प्रति उपेक्षा पूर्ण रवैये व संवादहीनता से नाराज होकर पत्रकारों ने पिछले 22 दिनों से जनसंपर्क के समाचारों का बहिष्कार कर रखा था। मांगे पूरी न होने पर पत्रकार चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी में थे,जब इस बात की जानकारी मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया को लगी तो उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से बात करके गतिरोध को दूर कराने में महती भूमिका अदा की जिसका परिणाम यह रहा कि पत्रकारों के साथ सौहार्द पूर्ण वातावरण में बैठक सम्पन्न हुई। यूनिक प्रेस क्लब के अध्यक्ष धीरप हाड़ा ने बताया कि मांगे पूरी होना पत्रकारों की एकता का परिणाम है । आदर्श प्रेस क्लब के अध्यक्ष हिंदूसिंह यादव ने इस मुहिम में कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले आगर नगर व जिले के सभी पत्रकारों का हृदय से आभार माना है।

आओ बच्चों सुनो कहानी कार्यक्रम का किया गया आयोजन

नलखेड़ा। सरस्वती ज्ञान मंदिर हनुमानगढ़ी आगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बच्चों में संस्कार, साहस , शौर्य सत्यता, नैतिकता जैसे अनेक दिव्या गुणों को स्थापित करने की उद्देश्य से आओ बच्चों सुनो कहानी गाएं गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामसिंह ठाकुर समर्थ किसान संघ के सीईओ ने की और प्रमुख प्रवक्ता के रूप में के .सी.मालवीय, पीएम श्री प्राचार्य ने भारत की कहानी है प्रीत जहाँ की



रीत सदा में गीत वहां के गाता हूं अद्भुत अभिनय के रूप में प्रस्तुत की साथ ही शहीदे आजम भगत सिंह को अपनी प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में इस आयोजन के संस्थापक योगाचार्य हरीश श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

गुरुकुल में संजा बाई पर्व का हुआ आयोजन, विद्यार्थियों ने साकार की लोक संस्कृति

शिक्षा के साथ संस्कार व लोक परंपराओं के संरक्षण की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर की शिक्षण संस्था गुरुकुल विद्यालय परिवार द्वारा ह्यशिक्षा से संस्कारह्ण की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भारतीय लोक संस्कृति एवं ग्रामीण परंपराओं के संरक्षण के उद्देश्य से संजा बाई पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संजा बाई की विभिन्न आकर्षक आकृतियों का निर्माण कर अपनी रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक प्रतिभा का परिचय दिया। संजा बाई का पर्व भारतीय ग्रामीण संस्कृति की एक महत्वपूर्ण लोक परंपरा है, जो विशेष रूप से मालवा क्षेत्र में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना तथा धीरे-धीरे विस्मृत होती जा रही लोक परंपराओं को पुनर्जीवित करना था। विद्यार्थियों द्वारा निर्मित संजा बाई की सुंदर एवं कलात्मक आकृतियों की विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक भानु प्रताप सिंह चंद्रावत ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं संस्कारों के महत्व को समझाया तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजकर रखने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन इस बात का सुंदर उदाहरण बना कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, रचनात्मकता और अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना भी है। विद्यालय के प्राचार्य कमल किशोर पाटीदार द्वारा सभी प्रतिभागियों को अपने आशीर्वचन से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

खबर संक्षेप

पूर्व विधायक के पौत्र को केंद्र में अहम जिम्मेदारी



कांटाफोड़। बागली विधानसभा क्षेत्र की सार्वजनिक जीवन से जुड़ी विरासत में एक नया अध्याय जुड़ा है। क्षेत्र के पूर्व विधायक गणपत पटेल के पौत्र योगेश पटेल को भारत सरकार के संचार मंत्रालय द्वारा उज्जैन संभाग टेलीफोन सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन की खबर सामने आने के बाद कांटाफोड़-बागली क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। योगेश पटेल केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के नजदीकी माने जाते है।

मुख्यमंत्री वीसी से जुड़कर करेंगे संवाद

देवास। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देवास में आयोजित 'बलराम कृषि महोत्सव' एवं जिला स्तरीय किसान मेले में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कृषकों को वर्चुअली संबोधित करेंगे।आयोजन का मुख्य उद्देश्य कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती तथा श्रीअन्न (मिलेट मिशन) को प्रोत्साहित करना है।

एमडी ड्रग्स के अवैध कारोबार पर पुलिस का प्रहार, 9 आरोपी गिरफ्तार

चार अलग-अलग प्रकरणों में 100 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त, दो थानों की टीमों ने की कार्रवाई

जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध हथियारों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत देवास पुलिस ने चार अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 100 ग्राम एमडी ड्रग्स, जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपए बताई गई है, एक अवैध देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। यह कार्रवाई थाना कोतवाली और औद्योगिक क्षेत्र पुलिस की टीमों ने संयुक्त रूप से की। एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देश पर एएसपी गजेन्द्र सिंह वर्धमान के मार्गदर्शन तथा सीएसपी सुमित अग्रवाल के निर्देशन में नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान तकनीकी साक्ष्यों, भौतिक साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 4 अक्टूबर को कोतवाली पुलिस ने अंबेडकर नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास तलाशी के दौरान इमरान पठान से 15.37 ग्राम और रेहान उर्फ मंसूरी से 19.41 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की। दोनों के पास से कुल 34.78 ग्राम मादक पदार्थ मिला, जिसकी कीमत करीब 69,560 रुपए बताई गई। पूछताछ में आरोपियों ने मादक पदार्थ युसुफ खान निवासी जिला आगर से प्राप्त करना बताया। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

एमडी ड्रग्स के साथ कट्टा और कारतूस भी मिला

इसी दिन कोतवाली पुलिस ने होमगार्ड लाइन स्थित सीवरेज पंपिंग स्टेशन के पास कार्रवाई कर स्वयं उर्फ विशु पुजारी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 17.04 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ एक अवैध देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

6 अक्टूबर को औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने टुमनी रेलवे ओवरब्रिज, न्यू बायपास रोड के पास से राजकुमार गांगुली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 13.49 ग्राम एमडी ड्रग्स और एक ओप्पो मोबाइल फोन जब्त किया। वहीं 4 अक्टूबर को नागदा-रसूलपुर रोड स्थित बंद कांच फैक्ट्री के पास से राजेश मालवीय उर्फ राजा को गिरफ्तार कर 15.71 ग्राम एमडी ड्रग्स और एक रियलमी मोबाइल फोन जब्त किया गया।

जांच में जुटी पुलिस

पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने मध्यप्रदेश और राजस्थान की सीमा से लगे जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में पेडलरों के माध्यम से एमडी ड्रग्स की सप्लाई किए जाने की जानकारी दी है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड प्राप्त किया है। अब मादक पदार्थों के स्रोत और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में इमरान पठान, रेहान उर्फ मंसूरी, स्वयं उर्फ विशु पुजारी, युसुफ खान, नजर, साहिल, शाहरुख, राजकुमार गांगुली और राजेश मालवीय उर्फ राजा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार इमरान के विरुद्ध पूर्व में आठ, स्वयं के विरुद्ध सात, राजकुमार और राजेश के विरुद्ध चार-चार तथा शाहरुख के विरुद्ध सात आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया सहित ,उनि दीपक मालवीय, शिवनारायण सोलंकी, सउनि ईश्वर मंडलोई, मनोज पटेल,प्रआर मनोज मौर्य, विरेन्द्र राजपूत, हेमंत डाबी, सुनील देथलिया आर सुजीत, वैभव मंडलोई, उदय सिंह एवं थाना औ.क्षेत्र के उनि नरेन्द्र कुमार अम्करे, आर अर्पित जायसवाल, लक्ष्मीकांत, अजय जाट की सरहानीय भूमिका रही।

आपत्तिजनक ऑडियो वायरल होने पर पटवारी व्यास निलंबित

एसडीएम ने दिए विभागीय जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं के संबंध में कथित तौर पर अमर्यादित और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने संबंधी ऑडियो सोशल मीडिया और व्हाट्सऐप पर वायरल होने के मामले में एसडीएम आनंद मालवीया ने तहसील में पदस्थ पटवारी संजय व्यास को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले में संबंधित पटवारी के विरुद्ध विभागीय जांच भी संस्थित की गई है। निलंबन आदेश अनुसार, 8 अक्टूबर को पटवारी संजय व्यास से संबंधित एक ऑडियो सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर प्रसारित होने का मामला संज्ञान में आया था। आदेश में उल्लेख किया गया कि पटवारी राजस्व प्रशासन का मैदानी कर्मचारी होता है, जिसका आम नागरिकों, किसानों एवं राजस्व संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के साथ सीधा संपर्क रहता है। ऐसे में शासकीय सेवक से पद की गरिमा बनाए रखते हुए संयमित, शिष्ट और मर्यादित व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। आदेश में ऑडियो के संबंध में प्रथम दृष्टया शासकीय सेवा की गरिमा के प्रतिकूल आचरण किए जाने का उल्लेख करते हुए इसे मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के प्रावधानों का उल्लंघन बताया गया है। साथ ही कर्तव्यनिष्ठा, शिष्टाचार और अनुशासन से संबंधित प्रावधानों के उल्लंघन का उल्लेख किया गया है।इसी आधार पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत संजय व्यास को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उनके विरुद्ध नियम 14 के अंतर्गत विभागीय जांच भी संस्थित की गई है।विभागीय जांच के लिए तहसीलदार नेहा शाह को जांचकर्ता अधिकारी तथा नायब तहसीलदार जागृति जाट, टप्पा भौरासा को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। दोनों अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।निलंबन अवधि के दौरान संजय व्यास का मुख्यालय कार्यालय नायब तहसीलदार, टप्पा पीपलरांवा, तहसील सोनकच्छ, जिला देवास निर्धारित किया गया है।

रहवासियों ने गंदे पानी में बैठकर किया प्रदर्शन



देवास। शहर की अमृत नगर कॉलोनी में सीवरेज की समस्या से परेशान रहवासियों ने सड़क पर जमा गंदे पानी में बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से रहवासियों में नाराजगी है।रहवासियों का कहना है कि सड़क पर गंदा पानी जमा होने से क्षेत्र में गंदगी और बदबू फैल रही है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और बीमारियां फैलने की आशंका भी बनी हुई है। रहवासियों ने कई बार सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। नगर निगम की ओर से फोन भी आया, लेकिन इसके बावजूद गंदे पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। रहवासी सुरेंद्र राव ने बताया कि कॉलोनी में अधिकांश सीवरेज चेंबर चोक हो चुके हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का स्थायी निराकरण नहीं हो पाया है।रहवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि तत्काल सीवरेज चेंबरों की सफाई कराई जाए और सड़क पर बह रहे गंदे पानी की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि कॉलोनीवासियों को राहत मिल सके।

शक्ति माता मंदिर में नवरात्रि महोत्सव की भव्य तैयारी



भौरासा। नगर के प्राचीन शक्ति माता मंदिर में नवरात्रि महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजन समिति द्वारा 11 से 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव में दूर-दराज से श्रद्धालु शामिल होंगे।महोत्सव के पहले दिन 11 अक्टूबर को भजन संध्या एवं शिव विवाह का आयोजन होगा। 12 अक्टूबर को माता का जागरण और गरबा होगा। 13 अक्टूबर को राधा-कृष्ण थीम पर बालिका गरबा महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न गरबा मंडल प्रस्तुतियां देंगे। 14 अक्टूबर को भी बालिकाओं के गरबा कार्यक्रम होंगे।15 अक्टूबर को इंदौर और मुंबई के कलाकारों द्वारा रुद्र शक्ति ग्रुप की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसमें महाकाली, नरसिंह अवतार, शिव-पार्वती और राधा-कृष्ण सहित विभिन्न धार्मिक विषयों पर प्रस्तुतियां होंगी। 16 अक्टूबर को बालिका गरबा महोत्सव आयोजित होगा।17 अक्टूबर को महिलाओं और बालिकाओं की कुर्सी दौड़ तथा 18 अक्टूबर को नींबू रेस प्रतियोगिता होगी। दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार 5,100, द्वितीय 2,500 और तृतीय 1,100 रुपए रखा गया है। महोत्सव के समापन पर 19 अक्टूबर को शाम 5 बजे मंदिर परिसर में विशाल भंडारा आयोजित होगा। समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

उपयंत्री को शोकॉज नोटिस देने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान से पहले उदयनगर भीकूपुरा का औचक निरीक्षण कर पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं एवं प्रगतिरत विकास कार्यों की समीक्षा की। सीईओ धुर्वे ने वी.बी. जी राम जी योजना अंतर्गत सिपरी पोर्टल पर उपयंत्री एवं सहायक यंत्री की आईडी के माध्यम से कार्यों के चिन्हांकन एवं तकनीकी व प्रशासकीय स्वीकृति से संबंधित संपूर्ण ऑनलाइन प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान कुछ निर्माण कार्य अस्वीकृत पाए गए तथा कई कार्यों का गलत चिन्हांकन किए जाने की गंभीर स्थिति सामने आई। पदीय दायित्वों में लापरवाही पाए जाने पर जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित उपयंत्री को तत्काल कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय विद्यालय का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को निर्धारित मेनू के अनुरूप भोजन प्रदाय नहीं किए जाने की अनियमितता पाई गई। इस पर धुर्वे ने संबंधित उत्तरदायी अधिकारी व स्व-सहायता समूह के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आईआईएम इंदौर के छात्रों ने ग्राम अगेरा में पांच दिन किया ग्रामीण भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) इंदौर के विद्यार्थियों के दल ने 5 से 9 अक्टूबर तक ग्राम अगेरा में पांच दिवसीय ग्रामीण भ्रमण किया। जिला प्रशासन के निर्देश पर आरईपी के अंतर्गत आयोजित इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने गांव में संचालित विभिन्न विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं का अवलोकन किया।छात्र लीडर अनन्या लिमये के नेतृत्व में पहुंची टीम ने ग्राम अगेरा में बाल वाटिका, सीमेंट रोड, आंगनवाड़ी केंद्र, शासकीय हाई स्कूल, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था और नल-जल योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने लाड़ली लक्ष्मी योजना की लाभार्थियों से चर्चा कर योजना से मिलने वाले लाभों की जानकारी भी ली।अनन्या ने बताया कि ग्रामीण भ्रमण काफी लाभकारी रहा। भ्रमण के दौरान नल-जल योजना के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने तथा मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता बेहतर पाई गई। विद्यार्थियों ने शासकीय हाई स्कूल अगेरा के बच्चों से भी संवाद कर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली।इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच यदुराज सिंह अगेरा, प्रभारी सचिव तुषार किरंगे सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

विधायक, कलेक्टर और सीईओ ने किया समस्याओं का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार तथा स्थानीय स्तर पर उद्योग एवं स्व-रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान' के तहत उदयनगर में जनसमस्या निवारण शिविर एवं उद्योग संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बागली विधायक मुरली भंवरा, कलेक्टर ऋतुराज सिंह और जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे ने शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुन गया मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर के दौरान विधायक भंवरा ने क्षेत्र के आदिवासी परिवारों को जमीन के संदर्भ में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों एवं लंबित वादों की ओर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित कराया। इस पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आश्वस्त किया कि ग्राम चंदुपुरा, नयापुरा और गुवाडी के निवासियों की भूमि संबंधी समस्याओं के स्थाई व न्यायसंगत निराकरण हेतु राजस्व एवं वन विभाग की संयुक्त टीम गठित की जाएगी, जो मौके पर जाकर स्थलीय परीक्षण कर समस्याओं का समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करेगी।

कलेक्टर ने निर्माण कार्य में धीमी गति पर ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने "मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान" अंतर्गत बागली विकासखंड के उदयनगर में आयोजित शिविर से पूर्व बागली में निर्माणाधीन अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन का औचक स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। कार्य में हो रहे विलंब को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर सिंह ने संबंधित ठेकेदार पर 5 प्रतिशत पेनाल्टी लगाने के निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी जनवरी माह तक यदि निर्माण कार्य में अपेक्षित गति और प्रगति परिलक्षित नहीं होती है, तो यह पेनाल्टी राशि काट ली जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं हुआ, तो पुनः 5 प्रतिशत की अतिरिक्त पेनाल्टी अधिरोपित की जाएगी। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय भीकूपुरा पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने कक्षा 7वीं और 8वीं के छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन किया।

सोनकच्छ शक्ति एवं पुष्पगिरी शक्ति संकुल की वार्षिक आमसभा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत सोनकच्छ शक्ति एवं पुष्पगिरी शक्ति संकुल स्तरीय संगठनों की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर ने की। मुख्य अतिथि जनपद सीईओ गीतिका सोनी तथा विशिष्ट अतिथि सोनकच्छ शक्ति संकुल अध्यक्ष अंतर सिंह चौहान एवं पुष्पगिरी शक्ति संकुल सचिव अनीता गोस्वामी रहे। कार्यक्रम में एचडीएफसी बैंक सोनकच्छ के शाखा प्रबंधक सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि सहित दीप्ति जाधव, एकता बाघे, बिंदिया शर्मा, उपमा वर्मा एवं योगेश सिंह ठाकुर व आईआईएम के विद्यार्थी मौजूद रहे।वार्षिक आमसभा में दोनों संकुल संगठनों की वर्षभर की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम का संचालन सोनकच्छ शक्ति संकुल की सीएफ मैनेजर सुनीता मालवीय एवं पुष्पगिरी शक्ति संकुल की सीएफ मैनेजर सुशील शिंदे ने किया।

संभागायुक्त सिंह, एडीजी गुप्ता, डीआईजी ने तैयारियों का लिया जायजा

कलेक्टर और एसपी ने दी व्यवस्थाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आगामी शारदीय नवदुर्गा पर्व के दृष्टिगत उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता एवं डीआईजी नवनीत भसीन ने देवास स्थित प्रसिद्ध माता टेकरी पहुंचकर दर्शन, पूजन करते हुए व्यवस्था का निरीक्षण कर जायजा लिया।

वरिष्ठ अधिकारियों ने कंट्रोल रूम, बड़ी माता मंदिर एवं छोटी माता मंदिर परिसर में पहुंचकर दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और नागरिक सुविधाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संभागायुक्त सिंह ने निर्देशित किया कि पर्व के दौरान आने वाले किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो, प्रत्येक प्रमुख स्थल पर शुद्ध पेयजल, सुव्यवस्थित छाया और निर्बाध आवागमन की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उज्जैन संभागायुक्त, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक द्वारा कंट्रोल रूम और मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से जायजा लिया गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक दर्शन कराने के लिए बैरिकेडिंग और क्राउड मैनेजमेंट की त्रिस्तरीय योजना लागू की गई है। इसके अंतर्गत दो प्रमुख होल्डअप एरिया-पहला शंख द्वार के नीचे तथा दूसरा जैन मंदिर के पास तैयार किए गए हैं। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह है कि श्रद्धालुओं को होल्डअप एरिया में कम से कम समय रुकना पड़े और कतार निरंतर गतिशील रहे। विशेषकर घटस्थापना तथा सप्तमी, अष्टमी और नवमी जैसे अत्यधिक भीड़ वाले दिनों के लिए अतिरिक्त वालंटियर्स, पुलिस-प्रशासनिक बल एवं आधुनिक तकनीकी संसाधनों के माध्यम से पुख्ता क्राउड मैनेजमेंट सुनिश्चित किया गया है। सिंह ने आगे बताया कि सुरक्षा एवं सतत निगरानी के लिए पूरे परिसर में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं।

साथ ही, श्रद्धालुओं को धूप व गर्मी से राहत देने के लिए पैदल मार्गों पर टेंट तथा जमीन पर कालीन (कार्पेट) बिछाने की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है।एसपी पुनीत गेहलोद ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में बताया कि नगर निगम भवन के समीप सुव्यवस्थित पार्किंग स्थल चिन्हित किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी विषम परिस्थिति से त्वरित गति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल पूरी सतर्कता के साथ तैनात रहेगा। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने टेकरी क्षेत्र में 24 घंटे स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य नागरिक सुविधाओं के संबंध में जानकारी साझा की।

पितृमोक्ष अमावस्या पर चौराहे पर बढ़ा यातायात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



चापड़ा चौराहे पर यातायात का दबाव बढ़ते ही जाम की स्थिति बन रही है। शुक्रवार दोपहर बाद वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ ही चौराहे पर जाम लगना शुरू हो गया। इस दौरान सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें नजर आईं। शनिवार को पितृमोक्ष अमावस्या होने के कारण चौराहे पर दो दिन पहले से ही वाहनों की आवाजाही बढ़ने लगी थी। इस अवसर पर जिले सहित आसपास के अन्य जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाराजी घाट, नेमावर और चंद्रकेश्वर घाट पर स्नान के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का आवागमन पहले से शुरू हो जाने के कारण चापड़ा चौराहे पर यातायात का दबाव बढ़ गया। शुक्रवार दोपहर बाद वाहनों की आवाजाही अधिक होने से चौराहे पर जाम की स्थिति बनने लगी। वाहनों की कतारें लगने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। त्योहार और धार्मिक अवसरों पर यहां यातायात का दबाव बढ़ने के बावजूद व्यवस्था पर्याप्त नजर नहीं आई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पितृमोक्ष अमावस्या के दिन चौराहे पर यातायात व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं। जरूरत के अनुसार पुलिसकर्मियों की तैनाती कर वाहनों को व्यवस्थित तरीके से निकाला जाए, ताकि श्रद्धालुओं और आम राहगीरों को परेशानी न हो तथा यातायात सुचारू बना रहे।

खबर संक्षेप

शादी में दिए जेवर वापस मांगने पर मारपीट

ललितपुर। महरौनी थाना क्षेत्र में शादी में पहनने के लिए दिए गए सोने-चांदी के जेवर वापस मांगने पर विवाद और घर में घुसकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। उसने सात लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। स्थानीय स्तर पर सुनवाई न होने के बाद उसने ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर महरौनी पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महरौनी के पुराना सौजना रोड निवासी संदीप पुत्र राजू ने शिकायत में बताया कि 10 फरवरी 2026 को जिला छतरपुर के ग्राम घुवारा निवासी विहारी पुत्र घमण्डी उनके घर अपनी बेटी की शादी का निमंत्रण देने आया था। आरोप है कि इस दौरान विहारी ने संदीप की पत्नी अंजलि को शादी में साथ चलने के लिए कहा। शादी में पहनने के लिए संदीप की पत्नी ने अपनी सास और बहन के चार सोने के कंगन, एक सोने की अनार माला तथा करीब 500 ग्राम चांदी की करदौनी दिए थे। आरोप है कि जेवर शादी के बाद वापस करने की बात कही गई थी। 19 फरवरी 2026 को शादी संपन्न होने के बाद जब उन्होंने अपनी पत्नी और जेवर वापस मांगे, तो विहारी ने कुछ दिन बाद महरौनी आकर जेवर लौटाने की बात कही। आरोप है कि इसके बाद भी जेवर वापस नहीं किए गए। जब इस संबंध में अन्य रिश्तेदारों को जानकारी दी गई, तो आरोपी पक्ष नाराज हो गया। सात मार्च 2026 को दोपहर करीब दो बजे सभी आरोपी एक जीप में सवार होकर उसके घर पहुंचे। आरोप है कि घर में घुसकर उसके साथ लात-घूंसों और थप्पड़ों से मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। शोर सुनकर मोहल्ले के संजू पुत्र बृजलाल, पप्पू पुत्र नाथूराम प्रजापति, दयालु पुत्र मुन्ना और भागीरथ पुत्र हरीराम मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए वहां से चले गए। मामले में जिला छतरपुर के ग्राम घुवारा निवासी विहारी पुत्र घमण्डी, अवधेश पुत्र विहारी, शांति पत्नी विहारी और अंजलि पुत्री विहारी, मध्य प्रदेश जिला टीकमगढ़ के महाराजपुर निवासी गौरीशंकर पुत्र जुगल और धनी पुत्र जुगल, तथा जिला छतरपुर के ग्राम घुवारा में नहर के पास निवासी नरेन्द्र पुत्र बालचंद को नामजद किया गया है। शिकायत पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, महरौनी न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया है।

खेत पर कब्जे के विवाद में मारपीट

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जिजयावन मजरा बालाढाना में खेत पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में लाठी-डंडों से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। गांव के ही चार लोगों पर गाली-गलौज कर मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। ग्राम जिजयावन मजरा बालाढाना निवासी रंजीत सिंह पुत्र वलराम सिंह ने बताया कि 4 अक्टूबर को सुबह करीब 11.30 बजे वह अपने खेत पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे और उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। रंजीत सिंह के विरोध करने पर आरोपियों ने कथित तौर पर लाठी-डंडों से उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचीं रंजीत सिंह की मां संजली दुलैया के साथ भी मारपीट की गई और धमकाते हुये उक्त लोग चले गये। पुलिस ने विन्द्रावन पुत्र उजवक सिंह, अजयपाल पुत्र जगदीश सिंह, गोविन्द पुत्र विजय सिंह और अमरसिंह पुत्र जयपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

श्रीधाम एक्सप्रेस में यात्री का मोबाइल चोरी

ललितपुर। ट्रेन में यात्रा के दौरान चार्जिंग पर लगा यात्री का कीमती मोबाइल फोन चोरी हो गया। शिकायत पर जीआरपी थाना ललितपुर ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के गोपालपुरा निवासी संजीव मिश्रा पुत्र रामकुमार मिश्रा, 13 सितंबर 2026 को ट्रेन संख्या 12192 श्रीधाम एक्सप्रेस से रानी कमलापति स्टेशन से मुरैना की यात्रा कर रहे थे।

जिला बार एसोसिएशन की शिकायत पर प्रशासन ने लिया संज्ञान

ललितपुर-राजघाट मार्ग पर अवैध निर्माण व अतिक्रमण की जांच 15 सदस्यीय टीम करेगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मुख्यालय से राजघाट जाने वाले मार्ग पर कथित अवैध निर्माण और अतिक्रमण के मामले में प्रशासन ने जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिला बार एसोसिएशन की ओर से जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी (सदर) ने मामले की जांच के लिए 15 सदस्यीय टीम का गठन किया है। टीम को मौके का स्थलीय निरीक्षण करने, संबंधित राजस्व अभिलेखों का परीक्षण करने और अपनी स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश देवलिया एवं अन्य पदाधिकारियों की ओर से दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि ललितपुर-राजघाट मार्ग उत्तर प्रदेश को मध्य प्रदेश से जोडऩे वाला महत्वपूर्ण सड़क मार्ग है। इस मार्ग पर छोटे-बड़े वाहनों के साथ भारी वाहनों का भी आवागमन बना रहता है। सड़क के दोनों ओर स्थित भूमि पर कथित तौर पर बिना अनुमति निर्माण और अतिक्रमण किए जाने की शिकायत सामने आई है। शिकायत में ललितपुर से राजघाट तक पडऩे वाले सिवनीखुर्द, सिलगन, रावगढ़, गनगौरा, टोरिया, मडवारी, काला पहाड़, चौरसिल सहित अन्य गांवों का उल्लेख किया गया है। बार एसोसिएशन ने संबंधित ग्राम सभाओं की भूमि और सीमाओं पर कथित अवैध कब्जों तथा अनधिकृत निर्माण की जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने आशंका जताई कि सड़क किनारे अनधिकृत निर्माण होने से आवागमन प्रभावित हो सकता है और भारी वाहनों की आवाजाही के बीच दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है। इसी के मद्देनजर प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की गई।

उपजिलाधिकारी कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार जांच टीम में निम्न अधिकारियों और कर्मचारियों को शामिल किया गया है जिसमें डॉ. तनवीर हसन तहसीलदार (न्यायिक), विनोद कुमार यादव सहायक अभियंता, प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग, दिनेश कुमार विश्वकर्मा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सौरभ कुमार बरनवाल खंड विकास अधिकारी, जखौरा, ब्रजेन्द्र सिंह अवर अभियंता, निर्माण खंड, लोक निर्माण विभाग, अक्कललाल राजस्व निरीक्षक, राजेश खरे राजस्व निरीक्षक, लागौन, अंकित रावत लेखपाल, क्षेत्र हद बाहर, प्रमोद शुक्ला लेखपाल, क्षेत्र सिलगन, सूर्यांश पस्तौर लेखपाल, क्षेत्र गनगौरा, विपुल तिवारी लेखपाल, क्षेत्र टोरिया, हनी खान लेखपाल, क्षेत्र राजघाट, अजय प्रताप ग्राम विकास अधिकारी, सिलगन, मयंक जैन ग्राम पंचायत अधिकारी, जैसवारा, ब्रह्मकुमार रिछारिया ग्राम विकास अधिकारी, मडवारी को शामिल किया गया है। प्रशासन ने जांच टीम के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे यथाशीघ्र मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करें और उपलब्ध राजस्व एवं अन्य संबंधित अभिलेखों का परीक्षण कर स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करें। जांच के दौरान भूमि की वास्तविक स्थिति, सीमाओं और निर्माण की वैधता से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जाएगी। वहीं, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली को निर्देश दिए गए हैं कि निरीक्षण के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करें। अब जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर यह स्पष्ट हो सकेगा कि संबंधित मार्ग पर कहां-कहां अतिक्रमण या अनधिकृत निर्माण की स्थिति है और किन मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की आवश्यकता है। फिलहाल, जांच पूरी होने और प्रशासनिक निष्कर्ष सामने आने का इंतजार है। इस दौरान महामंत्री लखन यादव, हरदयाल सिंह लोधी, शरद चौबे, अजय प्रताप सिंह तोमर, जयपालसिंह यादव, रामेश्वर राठौर, प्रमोद श्रीवास्तव, कृष्णनारायण पुरोहित, नारायण सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना

पात्र युवाओं को ऋण देने के निर्देश, आवेदनों का निस्तारण करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और युवाओं को स्वरोजगार से जोडऩे के उद्देश्य से जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के तत्वावधान में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

सीडीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनपद की विभिन्न संबंधित बैंक शाखाओं के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। सीडीओ ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाए, ताकि पात्र युवाओं को समय से ऋण सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने ऋण वितरण में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर विशेष जोर दिया। सीडीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से युवा अपना व्यवसाय स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने सभी बैंक शाखाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा पात्र आवेदकों को ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सुगम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित आवेदनों को अनावश्यक रूप से रोका न जाए और प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैंक अधिकारियों से योजना के प्रति सक्रिय भूमिका निभाने तथा अधिक से अधिक पात्र युवाओं को लाभान्वित करने की अपेक्षा की गई

बैठक में युवाओं को व्यवसाय एवं सेवा क्षेत्र में नए उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से युवाओं तक इसका लाभ पहुंचाने और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने की आवश्यकता बताई। बैंक प्रतिनिधियों को योजना की प्रगति में तेजी लाने, ऋण आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश दिए गए।

जरूरतमंदों को त्वरित न्याय दिलाने पर जोर

सचिव देवप्रिय सारस्वत ने की पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायालय के सभागार कक्ष में पैनल अधिवक्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव देवप्रिय सारस्वत ने की। यह बैठक प्रभारी जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आयोजित हुई।

बैठक में विधिक साक्षरता को बढ़ावा देने तथा समाज के जरूरतमंद और कमजोर वर्गों तक कानूनी सहायता की पहुंच अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। सचिव देवप्रिय सारस्वत ने पैनल अधिवक्ताओं को निर्देशित किया कि वह विधिक सेवा से जुड़े कार्यों में तेजी लाएं, पात्र जरूरतमंदों को नियमानुसार कानूनी सहायता उपलब्ध कराएं और पीड़ितों को त्वरित एवं सुलभ न्याय दिलाने के लिए प्रभावी प्रयास करें। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए जरूरतमंद लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें न्याय प्राप्त करने में आवश्यक सहयोग देने पर जोर दिया। बैठक में विधिक सहायता सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने और जरूरतमंद लोगों तक इनका लाभ पहुंचाने से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पैनल अधिवक्ता नरेंद्र कुमार, रविंद्र प्रताप सिंह, रामलखन यादव, कुलदीप श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, स्वतंत्र व्यास, अशरफ खान, रोहित कुशवाहा, शशिकांत सिंह, कमलेश सिंह लोधी, शेरसिंह यादव, पुष्पेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

तीन तमंचे, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद

पुलिस ने दो युवकों को अवैध तमंचों के साथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत तालबेहट थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों के कब्जे से तीन अवैध तमंचे, दो कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आम्र्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने की प्रक्रिया की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ग्राम खांदी के मजरा गणेशपुरा निवासी प्रिंस यादव पुत्र जीवन यादव और अखिलेश यादव पुत्र केहर यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर, एक तमंचा .32 बोर तथा एक जिंदा कारतूस 9 एमएम बरामद करने की जानकारी दी है। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। बरामदगी के आधार पर थाना तालबेहट में मुकदमा अपराध संख्या 369/2026, धारा 3/25 आम्र्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष कुमार मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द्र मिश्रा और उनकी पुलिस टीम शामिल रही।

तेज रफ्तार लोडर ने बाइक में मारी टक्कर, युवक घायल

ललितपुर। मड़ावरा थाना क्षेत्र में ग्राम सादूमल और तलऊ के बीच तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल युवक को उपचार के लिए ग्वालियर ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घायल की मां की तहरीर पर पुलिस ने लोडर चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सादूमल निवासी जशोदा पत्नी मनोहर कुशवाहा ने बताया कि 5 अक्टूबर को शाम करीब चार बजे उनका पुत्र दीपक कुमार अपने रिश्तेदार थाना पाली के ग्राम बंगरिया निवासी शिवराज पुत्र जशरथ निवासी की मोटर साइकिल पर पीछे बैठकर मजदूरी करने ग्राम तलऊ जा रहा था। मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 आर 7491 को शिवराज चला रहा था।

भाकियू टिकैत ने सौंपा ज्ञापन

बीमा भुगतान में देरी की जांच कर कार्रवाई की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। मंडल उपाध्यक्ष झांसी कीरत बाबा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में लेखपालों पर खसरा-खतौनी की नकल देने के नाम पर कथित रूप से अधिक धनराशि वसूलने, राजस्व अभिलेखों में नाम और हिस्से गलत दर्ज करने, अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने तथा फसल बीमा भुगतान में कथित अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि किसानों के पास खतौनी के नंबर उपलब्ध होने के बावजूद खसरा-खतौनी की नकल उपलब्ध कराने के नाम पर 1800 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। यूनियन का कहना है कि सरकार की ओर से फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया निशुल्क कराए जाने के बावजूद किसानों को विभिन्न कार्यों के लिए परेशान होना पड़ रहा है। संगठन ने इस कथित वसूली पर तत्काल रोक लगाने और मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

भाकियू टिकैत ने आरोप लगाया कि विभिन्न तहसीलों में राजस्व अभिलेखों में किसानों के नाम और हिस्से गलत दर्ज किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके बाद किसानों को अभिलेख दुरुस्त कराने के लिए तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। यूनियन ने संबंधित मामलों की जांच कराकर अभिलेखों में आवश्यक सुधार कराने तथा किसानों को अनावश्यक परेशानी से राहत दिलाने की मांग की। ज्ञापन में वर्ष 2025-26 के दौरान अतिवृष्टि और जलभराव से खरीफ की फसलों को हुए नुकसान का मुद्दा भी उठाया गया। संगठन के अनुसार, प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को राहत राशि और फसल बीमा का लाभ समय से नहीं मिल पा रहा है। यूनियन ने मांग की कि पात्र प्रभावित किसानों को निर्धारित सहायता के तहत 25 प्रतिशत राशि जल्द से जल्द सीधे उनके खातों में उपलब्ध कराई जाए।

साथ ही, फसल नुकसान का निष्पक्ष आकलन कराकर किसानों को नियमानुसार राहत दिलाई जाए। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने ज्ञापन में फसल बीमा और सहायता राशि के भुगतान में कथित देरी तथा अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की। संगठन ने आरोप लगाया कि किसानों को भुगतान के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बैंकिंग व्यवस्था में कथित बिचौलियों की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की गई है। यूनियन ने संबंधित मामलों में उपलब्ध कॉल डिटेल और सीसीटीवी फुटेज की जांच के आधार पर दोषियों की पहचान कर कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। ज्ञापन में किसानों को कथित तौर पर नकली खाद बेचने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग भी की गई। यूनियन का कहना है कि नकली खाद के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। संगठन ने मांग की कि खाद खरीदने वाले किसानों के बयान दर्ज किए जाएं।

नाला, सड़क, नाली का होगा निर्माण

पालिकाध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर पालिका परिषद की ओर से शहर के विभिन्न वार्डों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड नंबर 08 के मोहल्ला जुगपुरा और वार्ड नंबर 03 के मोहल्ला नेहरू नगर में निर्माण कार्यों का विधि-विधान से भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया। इन कार्यों के पूरा होने से संबंधित क्षेत्रों में जल निकासी और आवागमन की सुविधाओं में सुधार होने की उम्मीद है।

वार्ड नंबर 08 स्थित जुगपुरा में नाला निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया, जबकि वार्ड नंबर 03 स्थित नेहरू नगर में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारम्भ हुआ। इस दौरान वार्ड पार्षदों, नगर पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों और मोहल्लेवासियों की मौजूदगी में निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नगर का सर्वांगीण विकास और प्रत्येक वार्ड में नागरिकों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। सड़क, नाली और जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य केवल निर्माण कराना नहीं, बल्कि नागरिकों को लंबे समय तक बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। जुगपुरा में नाला निर्माण से जल निकासी व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, वहीं नेहरू नगर में सीसी सड़क और नाली बनने से स्थानीय लोगों को आवागमन सहित अन्य सुविधाओं में राहत मिलेगी। नपाध्यक्ष ने संबंधित अवर अभियंता और ठेकेदार को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण सामग्री से कराए जाएं। कार्यों की नियमित निगरानी की जाए तथा उन्हें निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए, जिससे नागरिकों को जल्द सुविधाओं का लाभ मिल सके।

उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और समयबद्ध तरीके से निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए। कहा कि नगर के विकास में किसी भी वार्ड के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाता रहेगा, ताकि नागरिकों को बेहतर सड़क, सुचारु जल निकासी और स्वच्छ वातावरण जैसी सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान विवेक जैन, वार्ड पार्षद उदय प्रताप सिंह, पार्षद मोहिनी दरोनिया आदि मौजूद रहे।

निजी एंबुलेंस का किराया निर्धारित करने की मांग की

ललितपुर। जिले में निजी एम्बुलेंस चालकों किराया वसूलने का मामला उठाते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल नगर मंत्री कृष्णा शर्मा गोलू ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन के माध्यम से निजी एम्बुलेंस के किराये की दरें निर्धारित करने, प्रत्येक वाहन में रेट लिस्ट प्रदर्शित कराने और निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि ललितपुर से मरीजों को बेहतर उपचार के लिए झांसी अथवा अन्य जनपदों में ले जाने के दौरान कई बार निजी एम्बुलेंस की जरूरत पड़ती है। ऐसी आपातकालीन परिस्थितियों में मरीज के परिजन पहले से ही मानसिक तनाव और आर्थिक परेशानी से गुजर रहे होते हैं। किराये की स्पष्ट दरें निर्धारित नहीं होने के कारण परिजनों को अतिरिक्त



आर्थिक बोझ उठाना पड़ सकता है। ज्ञापन में एक गंभीर शिकायत का उल्लेख करते हुए कहा गया कि उपचार के लिए दूसरे शहर ले जाते समय यदि रास्ते में मरीज की मृत्यु हो जाती है, तो कुछ मामलों में अतिरिक्त पैसे नहीं मिलने पर शव को बीच रास्ते में उतार देने जैसी अमानवीय घटनाओं की शिकायतें सामने आती हैं। इस तरह की शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने और ऐसी स्थिति में पार्थिव शरीर को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए स्पष्ट नियम निर्धारित करने की मांग की गई है। ज्ञापन देते समय जय, शिवम तिवारी, अनुज, अभिषेक कुशवाहा, मु.इरशाद आदि मौजूद रहे।

एसपी ने परेड की ली सलामी, व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

पुलिसकर्मियों के अनुशासन, दक्षता व कर्तव्यनिष्ठा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अनुशासन, ड्रिल, टर्नआउट, ड्रेस कोड, शारीरिक दक्षता और सामूहिक तालमेल का बारीकी से जायजा लिया।

उन्होंने पुलिस कर्मियों को अनुशासन, समयपालन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आवश्यक ड्रिल का अभ्यास भी कराया गया। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन परिसर स्थित क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, स्टोर रूम और पुलिस कैंटीन का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव तथा उपलब्ध संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने परिवहन शाखा पहुंचकर पुलिस वाहनों का निरीक्षण किया। उन्होंने वाहनों की साफ-सफाई के साथ संचार व्यवस्था, वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैबलेट, मोबाइल फोन और अन्य आपातकालीन उपकरणों की कार्यशीलता का परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वाहन और उपकरण हमेशा क्रियाशील अवस्था में रहें, ताकि आपात स्थिति में पुलिस को तत्काल मौके पर पहुंचने और प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित भोजनालय का भी गहन निरीक्षण किया। इस दौरान भोजनालय के अभिलेखों, साफ-सफाई, परिसर के रखरखाव तथा पुलिसकर्मियों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पौष्टिकता का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को भोजन को स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने तथा भोजनालय की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों का अर्दली रूम लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मड़ावरा आलोक कुमार अग्रहरि, प्रतिसार निरीक्षक अनुभव कुमार त्रिपाठी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विपक्षी नेताओं पर पुलिस कार्रवाई का विरोध किया, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

मजबूत व स्वतंत्र विपक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण, लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध की आवाज दबाना अस्वीकार्यः कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मजबूत एवं स्वतंत्र विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार की नीतियों और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े गंभीर विषयों पर सवाल उठाना तथा जनता की आवाज को लोकतांत्रिक तरीके से उठाना विपक्ष का संवैधानिक दायित्व है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ द्वारा दिल्ली में विपक्षी नेताओं के शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन के दौरान की गई पुलिस कार्रवाई के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम जिला प्रशासन राजगढ़ के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 6 एवं 7 अक्टूबर 2026 को दिल्ली में निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के संबंध में विपक्षी नेताओं द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अनेक विपक्षी नेताओं एवं सांसदों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति की आवाज को सुना जाना चाहिए, दबाया नहीं जाना चाहिए।

शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों का लोकतांत्रिक अधिकार है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के नाम पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध की जाने वाली किसी भी कार्रवाई में निर्धारित कानून एवं प्रक्रिया का पूरी तरह पालन होना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र संवाद, असहमति, संवैधानिक अधिकारों और संस्थागत जवाबदेही की मजबूत नींव



पर खड़ा है। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सवालों पर विपक्ष की आपत्तियों और मांगों को गंभीरता से सुना जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है।कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट कहा कि लोकतंत्र में सवाल पूछना अपराध नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व है। शांतिपूर्ण विरोध की आवाज को पुलिस कार्रवाई से दबाने के बजाय संवैधानिक संवाद के माध्यम से समाधान निकाला जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के संगठन महासचिव श्री राधेश्याम सोमेतिया सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ज्ञापन में उठाई गई प्रमुख मांगें

- 1. दिल्ली में हुई उक्त घटना का निष्पक्ष संज्ञान लेकर संबंधित तथ्यों की समीक्षा की जाए।
- 2. विरोध-प्रदर्शन के दौरान विपक्षी नेताओं एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ हुई पुलिस कार्रवाई की वैधानिकता एवं प्रक्रिया की समीक्षा की जाए।
- 3. शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शन के अधिकार तथा कानून-व्यवस्था के बीच संतुलन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।
- 4. यदि किसी स्तर पर निर्धारित कानून एवं प्रक्रिया का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित अधिकारियों व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए।
- 5. संवैधानिक संस्थाओं एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम नागरिकों तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का विश्वास बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

किसानों की बैठक आयोजित

पान उत्पादक किसानों को और समृद्ध किया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जिले का भानपुरा क्षेत्र पान की खेती के लिए प्रसिद्ध है। पान उत्पादक कृषकों को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए कार्य योजना बनाई गई है। इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा भानपुरा में पान उत्पादक किसानों की बैठक ली गई। जिसमें कृषकों की आवश्यकताओं समस्याओ की जानकारी लेते हुए शासकीय योजनाओं से मदद की रूपरेखा निर्धारित की गई। क्षेत्र में पान उत्पादक कृषकों का क्लस्टर भी बनाया गया है।

भानपुरा क्षेत्र में उत्पादित पान को न केवल दूर दिल्ली, जयपुर आदि मंडीयों में पहुंचा कर किसानों को अधिक लाभ दिलाया जाना है साथ ही शासन की योजनाओं की मदद से पान कृषकों को ट्रेनिंग तथा आर्थिक सहायता दिलवा कर पान के अन्य प्रसंस्करण पान कैंडी जैसे अन्य खाद्य उत्पाद बनाकर मार्केट दिलवाना है, ताकि पान कृषक आर्थिक रूप से और अधिक समृद्ध हो सके क्षेत्र में अधिकाधिक रूप से पान बरेजो को नेट शेड, पाली हाउस योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध करवाना है।

वोट बचाओ मार्च निकालने के बाद कांग्रेस ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची के मार्गदर्शन में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के आह्वान के साथ "वोट बचाओ, देश बचाओ" मार्च निकाला। मार्च की शुरुआत आशा भवन से हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए आंबेडकर पार्क पहुंचा। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब डॉ. भीमराव



आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) जय सोलंकी को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सारंगपुर के अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी द्वारा दिए गए ज्ञापन में नगर की पैथोलॉजी लैबों पर हाल ही में हुई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा गया कि इससे आमजन एवं मरीजों को जांच कराने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को आवश्यक जांच के लिए अन्य स्थानों पर जाना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने जनहित एवं मरीजों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए पैथोलॉजी लैबों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें पुनः संचालित करवाने की पहल करने का आग्रह किया, ताकि आमजन को हो रही परेशानी कम हो सके। मार्च एवं ज्ञापन के दौरान पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय,शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली, प्रदीप सदानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

युवा संवाद कार्यक्रम संपन्न

ब्यावरा। संस्कृत भारती का युवा संवाद कार्यक्रम गत दिवस नेताजी सुभाषचंद्र बोस महाविद्यालय ब्यावरा में संपन्न हुआ। जहा संस्कृत भारती के अखिलभारतीय अधिकारी पत्राचार प्रमुख डॉ. संजीव राय द्वारा महाविद्यालय में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों से सवाद किया। उन्होने संस्कृत भाषा में विद्यार्थियों को बताया कि हम सभी का देशके प्रति दायित्व क्या है, इसको हमे समझना चाहिए। हम किस प्रकार देश के अच्छे नागरिक बन सकते हैं, हम संस्कृत को किस प्रकार जन भाषा बना सकते हैं।

बीएसएनएल द्वारा क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपलाइनों का जल निगम ने कराया निरीक्षण, नियमानुसार की कार्रवाई

जल निगम की पेयजल पाइपलाइनों के क्षतिग्रस्त होने के मामले सामने आ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में बीएसएनएल द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्य के दौरान जल निगम की पेयजल पाइपलाइनों के क्षतिग्रस्त होने के मामले सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में बांकपुरा-कुशलपुरा पेयजल योजना अंतर्गत एचडीपीई- 160 एवं एचडीपीई-90 एमएम पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से राजपुरा, बख्तियारपुरा एवं रलायती गांवों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई।पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त होते ही महाप्रबंधक जल निगम श्री चैधरी के निर्देश पर डीटीएल श्री जयदीप



सिंह एवं सहायक अभियंता श्री योगेंद्र सिंह तोमर द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत बीएसएनएल के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की गई। महाप्रबंधक जल निगम श्री चैधरी द्वारा पूर्व में भी बीएसएनएल द्वारा पाइपलाइन क्षतिग्रस्त किए जाने के मामलों में भोपाल स्तर पर पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई कराई गई है। जल निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा पाइपलाइनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई निरंतर की जा रही है।

विधायक व कलेक्टर ने विकासात्मक कार्यों का अवलोकन किया, ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक चंदरसिंह सिसोदिया, कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा भानपुरा तथा क्षेत्र के ग्रामों का भ्रमण कर शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। विकासात्मक कार्यों का अवलोकन किया। विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

विधायक तथा कलेक्टर ने ग्राम रायपुरिया में कृषक अमन चौधरी द्वारा की जा रही ब्लूबेरी की खेती का अवलोकन किया। खेती की तकनीक एवं उत्पादन संबंधी जानकारी ली। उक्त कृषक को नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड के माध्यम से हाईटेक नर्सरी योजना अंतर्गत शेडनेट हाउस का लाभ प्राप्त हुआ है, जिसमें उनके द्वारा ब्लूबेरी की खेती की जा रही है।

ग्राम हरिपुरिया में कृषक मुनीराम के खेत पर धान की खेती का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कृषक से खेती, उत्पादन एवं कृषि गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली



तथा अन्य कृषकों से भी संवाद किया।

ग्राम हमीरगढ़ में विधायक तथा कलेक्टर ने पटवारी कार्यालय का शुभारंभ किया। स्थानीय स्तर पर ही पटवारी से संबंधित कार्यों की सुविधा प्राप्त होगी।

मॉडल स्कूल भानपुरा में कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

नवरात्रि के लिए सज-धजकर तैयार हो रहीं मां दुर्गा की प्रतिमाएं

आरोन। शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर जिलेभर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मां दुर्गा की अगवानी में अब महज चार दिन शेष हैं, ऐसे में मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। जिले में करीब एक हजार से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित किए जाने की तैयारी है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक 2 से 12 फीट तक की आकर्षक प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक 2 से 12 फीट तक की आकर्षक प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। प्रतिमाओं का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अब रंग-रोगन, नयन निर्माण, श्रृंगार एवं फिनिशिंग का काम अंतिम चरण में है।

अग्रवाल समाज परिश्रमी और दानशील समाज हैः जगदीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

अग्रवाल समाज परिश्रमी एवं दानशील समाज है और अपने परिश्रम , कड़ी मेहनत, लगनशीलता से वह आज देश दुनिया में आगे बढ़ा है । ऊंट गाड़ी से लेकर मर्सिडीज तक का मुकाम हमने अपनी कड़ी मेहनत से हासिल किया है। देश में जितने भी बड़े महानगर है वहां पर अग्रवाल समाज की धर्मशालाएं, स्कूल, कॉलेज विद्यमान है। परमार्थ के हर कार्यों में समाज की भूमिका अहम रहती है। हमें हमारे पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेनजी द्वारा बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए । विशेष कर युवा पीढ़ी को अपने संस्कारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए ।

उक्त विचार उज्जैन सिंहस्थ मेला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल ने



मंदसौर में नरसिंहपुरा स्थित महाराजा अग्रसेन मांगलिक भवन में अग्रसेन जयंती महोत्सव के तृतीय दिवस मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। समारोह की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष संजय कल्याणमल मित्तल ने की । मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल , पियूष गर्ग , श्रवण अग्रवाल, सुरेश गर्ग अंकित ,डॉ दीपक अग्रवाल ,डॉ आशीष अग्रवाल, एवं दिनेश सिंहल उपस्थित थे। उज्जैन सिंहस्थ विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष अग्रवाल ने कहा कि मंदसौर का अग्रवाल समाज काफी जागरुक है, संख्या में जरूर यहां अग्र बंधु कम है लेकिन महाराजा अग्रसेन जी की जन्म जयंती पर छः दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन करके यह साबित कर दिया है कि हम हमारे आराध्य देव की जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाएंगे विशेष कर मातृशक्ति की उपस्थिति की उपस्थिति अनुकरणीय है ।

स्वागत उद्बोधन समाज अध्यक्ष संजय मित्तल ने दिया। आमंत्रण संयोजक नरेंद्र अग्रवाल ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया सांस्कृतिक मंच पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। उज्जैन सिंहस्थ मेला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल को समाज अध्यक्ष संजय मित्तल, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, ने अभिनंदन पत्र , भगवान श्री पशुपतिनाथ की प्रतिमा एवं महाराजा अग्रसेन जी की तस्वीर प्रतीक चिन्ह के रूप में भेंटकर सम्मानित किया ।

भर्ती कैंप का आयोजन नगर परिषद छापीहेड़ा में किया गया

सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप में 16 युवाओं ने लिया भाग, 6 का चयन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत रोजगार कार्यालय के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती कैंप का आयोजन गुरूवार को नगर परिषद छापीहेड़ा में किया गया।

जिसमें गांवों से 16 युवाओं ने भाग लिया। शारीरिक मापदंड के अनुसार भर्ती अधिकारी श्री सुरेंद्र



कुमार ने 06 युवाओं का चयन किया। जिला रोजगार अधिकारी राजेंद्र सोनगरा ने बताया अगले भर्ती कैंप का आयोजन 09 अक्टूबर, 2026 को जनपद पंचायत खिलचीपुर में किया जाएगा।

थाने से मंदिर तक जगमगाएगा मार्ग, उद्यान व मंदिर के नक्शे का होगा अनावरण

नवरात्र में आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा वैष्णो देवी मंदिर जबलपुर थीम का पंडाल व चलित लाइटिंग बनेगी आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शारदीय नवरात्र में एबी रोड स्थित मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर इस बार आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा। मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों के साथ विशेष सजावट और विद्युत व्यवस्था की जा रही है। जबलपुर की थीम पर तैयार किया जा रहा भव्य पंडाल और थाने के मंदिर तक चलित लाइटिंग और आकर्षक विद्युत सज्जा नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आकर्षण रहेगी।

नवरात्र महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में तैयार किए गए उद्यान का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही मंदिर के प्रस्तावित नक्शे का अनावरण भी होगा। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष कमल खस ने बताया कि नवरात्र महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पूरे नौ दिनों तक मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। शाम के समय मंदिर परिसर के साथ थाने से वैष्णो देवी मंदिर तक के मार्ग को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा। चलित लाइटिंग के कारण मार्ग पर



अलग.अलग तरह की रोशनी और सजावट श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी।

11 अक्टूबर से शुरू होंगे आयोजन

नवरात्र की शुरुआत 11 अक्टूबर को घटस्थापना के साथ होगी। पहले दिन सुबह 4 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 8.30 बजे श्रीरामायण पाठ का शुभारंभ होगा। शाम को विशेष गरबा आयोजन रखा गया है। नौ दिनों तक सुबह.शाम आरती होगी और आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी।20 अक्टूबर को श्रीरामायण पाठ का समापन होगा। इस अवसर पर पूर्णाहुति के बाद शाम को महाआरती आयोजित की जाएगी। वहीं 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक कन्या पाद पूजन और विशाल कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा।

जैन समाज ने भक्तामर दिवस पर सामूहिक रूप से विश्व कल्याणार्थ किया भक्तामर स्त्रोत का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

शुक्रवार 9 अक्टूबर को प्रातः नगर के जैन धर्मावलम्बियों की विशाल भीड़ ने एकत्र होकर सामूहिक रुप से भक्तामर दिवस पर भक्तामर स्तोत्र का एक स्वर में पाठ किया तथा आचिन्त्य शक्ति से मंदसौर की सद्भावना, शांति और तरक्की के दौर की विकसित होने की प्रार्थना की। सकल जैन समाज द्वारा आयोजित सभा में जैन समाज के सभी समुदायों के सन्त तथा श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित थे ।

जैनों की इस बड़ी सभा का प्रारंभ दिगम्बर जैन मुनिराज श्री शुद्धसागरजी म. द्वारा किये गये मंगलाचरण से हुआ। उपरान्त श्वेताम्बर जैन आचार्य श्रीमद विजय सागरचंद्रसागर सूरीश्वरजी मसा. ने न नवकार तथा मांगलिक पाठ किया। सकल जैन समाज अध्यक्ष श्री लोकेन्द्र जैन गोटावाला एवं संयोजक श्री सुरेन्द्र लोढा ने नवकार की तस्वीर पर दीप प्रज्जवलित किया।

पूरा सभागृह श्रावक-श्राविकाओं से ठसाठस भी भरा हुआ था। अरविन्द जैन तथा सुधा पाटनी



के स्वरों ने स्तोत्र की उच्च स्वर में शुरूआत की। स्थानक के अध्यक्ष राजूभाई संचेती ने सभी का स्वागत किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए जैनाचार्य श्री सागरचन्द्रसागर सूरीश्वरजी मसा ने फरमाया कि आचार्य श्री मांगतुंगसूरिजी ने आत्मा को अजर अमर बनाने के लिये 48 गाथाओं का जो यह प्रभु श्री आदिश्वरनाथ की प्रशस्ति में काव्य प्रदान किया, उसका पठन तथा प कर हर भक्त अपना उद्धार कर सकता है। इस स्तोत्र की साधना से कर्मों का क्षय होता है एवं आत्मा उल्लास के साथ उन्नति करती हैं। इसका स्मरण प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन कर अपनी व्याधियों तथा उपाधियां दूर कर सकता है। यह प्रभावकारी काव्य है। अगणित भक्तों ने इसे कंठस्थ भी कर रखा है।

त्रिस्तुतिक मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी मसा. ने फरमाया की भक्तामर स्तोत्र ऐसा कल्पवृक्ष है जिसके सामने जाते ही मनोभाव की पूर्ति हो जाती है। यह साधक को सभी चिन्ताओं से मुक्त करता है एवं उसे सुख, संतोष, हर्ष की उपलब्धि देता है । इसके सामूहिक उच्चारण व जाप का मंदसौर में सकल जैन समाज के तत्वावधान में आयोजन अद्भूत है। सकल जैन समाज प्रति वर्ष ऐसे तीन चार सामूहिक आयोजन कर पूरी जैन समाज की एकता को दृढ बना दे। अंत में सकल जैन समाज के महामंत्री शेखर कासमा ने आभार प्रदर्शन किया । वीरपुत्र जयम के श्री अक्षय मारु ने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की । अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला की ओर से प्रभावना का वितरण किया गया । तीर्थ धाम चातुर्मास समिति ने किया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के पूर्व अध्यक्षगण, वर्तमान पदाधिकारीगण सहित बडी संख्या में सकल जैन समाज के श्रावक - श्राविकाएं उपस्थित थे।